# लखनऊ में जल्द खोला जाएगा चार्जिंग स्टेशन

## सफर में राहत

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता । उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम साधारण बसों के साथ ही इलेक्ट्रिक बसें भी चलाएगा। लखनऊ समेत प्रदेश के चार शहरों में ई बसों के लिए चार्जिंग प्वाइंट खोले जाएंगे।

प्रदेश के चार शहरों में चार्जिंग प्वाइंट खोलने के लिए परिवहन निगम ने स्वीच मोबिलिटी से समझौता किया है। कंपनी की ओर से चिह्नित चार रूटों पर चार्जिंग स्टेशन खोलने के लिए सर्वे करने के साथ ही जमीन की तलाश शुरू हो गई। ये चार्जिंग स्टेशन हर 180 से 250 किलोमीटर की दूरी पर खुलेगा। यूपीएसआरटीसी के पीआरओ अजीत सिंह ने कहा कि इसी वित्तीय वर्ष में 220 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। इन पर 325 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। निजी कंपनी से हुए समझौते के बाद सर्वे करके जल्द चार्जिंग स्टेशन खुलेंगे।

## चौराहे पर डिवाइडर चौड़ीकरण के निर्देश

लखनऊ। मण्डलायुक्त, एलडीए तथा स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर की प्रबन्धक वन्दना सहगल ने सोमवार को लखनऊ की हेरिटेज बिल्डिगों व आस पास के इलाके का निरीक्षण किया। लालबत्ती चौराहे के किनारे बने डिवाइडर के चौड़ीकरण, पुलिस चौकी के पास सफाई के साथ बेंच व लाइटिंग के भी निर्देश दिए। लोरेटो स्कूल की बाउंड्री के किनारे हरी घास के साथ एक-दो बेंच लगाने को कहा।